जापान

भारती

अंक ७/८ विक्रम संवत् २०५२ सितम्बर/अक्तूबर

विश्वरूपस्य भार्यासि पद्मे पद्मालये शुभे ।
सर्वतः पाहि मां देवि महालक्ष्मि नमोऽस्तु ते।।

संपादक

सौरभ सिंघल

संपादक मंडल

अखिल मित्तल

रंजन गुप्त (रंजन गुप्त)

रंजन कुमार

सुशील कुमार जैन

पता

5-12-9 दाईसान एबातो बिल्डिंग,
उएनो ताइतो कू ,
तोक्यो 112

फोन/फैक्स

03-3832-1631/
03-3832-1641

फोन/ई-मेल

सौरभ : 03-3462-0853
singals@ml.com

रंजन कुमार : 03-3473-6043
ranjan@twics.com

जापान भारती का यह सातवां अंक, संयुक्तांक है। अपरिहार्य कारणों से सितम्बर का अंक समय पर न निकाल पाने के लिए हम पाठकों से क्षमा याचना करना चाहेंगे ।

इस अंक में ओसाका विदेशी अध्ययन विश्वविद्यालय में हिंदी प्राध्यापक **प्रोफेसर तोमिओ मिज़ोकामी** की रचना पाकर जापान भारती धन्य हुई । १५ सितम्बर को भारत में हिन्दी दिवस मनाने की परम्परा है, उस सन्दर्भ में कुछ विशेष सामग्री हम प्रकाशित कर रहे हैं।

हम अपने इस प्रयास में कहाँ तक सफल या असफल रहे हैं इसकी कसौटी तो पाठकों के हाथ में है। यदि पाठकगण कुछ पल *जापान भारती* के लिए निकालेंगे तो हमारा उत्साह बढ़ेगा ।

हमारी एक और अपेक्षा रचनाओं की भी है । आप सबसे, विशेषकर हिन्दी के अध्ययन-अध्यापन से जुड़े जापानी महानुभावों से हम एक बार फिर आग्रह सहित अनुरोध करना चाहेंगे कि आपके रचनात्मक सहयोग के बिना *जापान भारती* अधूरी है । आपकी कविता,कहानी, निबन्ध, संस्मरण या अन्य किसी भी प्रकार की रचना की हम बेसब्री से प्रतीक्षा कर रहे हैं।

<u>इस बीच जापान भारती का पता बदल गया है ,पाठकगण अब नए पते पर पत्र व्यवहार करें।</u>

जापान भारती श्रीमती प्रिया टिपणिस और श्रीमती मीरा बनर्जी सहित उन सभी साथियों की ऋणी है जो पत्रिका पाठकों तक पहुँचाने में निरन्तर हाथ बंटा रहे हैं ।

दीपोत्सव एवम् श्री महावीर निर्वाण दिवस पर जापान भारती परिवार की ओर से मंगलकामनाएं स्वीकार करें ।

सौरभ सिंघल

प्रिय सौरभ जी,

मुझे *'जापान भारती'* के नियमित प्रकाशन से बड़ी खुशी है । हमारी मुलाकात सरस्वती पूजा के समारोह में हुई थी । तब से अब तक इस पत्रिका को अपने छठे अंक में प्रवेश करते हुए देखना बड़ा सुखद संयोग है । कृपया मेरा नाम भी अपने पतों की सूची में सम्मिलित कर लें । बधाइयों और शुभकामनाओं सहित.

किशोर भट्टाचार्जी, साइतामा केन, जापान

'जापान भारती' का नया अंक आप सब की प्रशंसनीय टीम भावना का परिणाम है । मुझे सब लोगों से सदा *'जापान भारती'* के बारे में प्रशंसा सुनने को मिलती है और अपने समुदाय के इस प्रयास से बड़े संतोष और गौरव का अनुभव होता है। ***मैं पाठकों को दीपावली के समारोह के बारे में सूचित करना चाहूँगा । यह समारोह सेंट मेरीज़ इंटरनेशनल स्कूल के हॉल में २८ अक्तूबर को शाम के चार बजे आरंभ होगा ।*** बिशन शर्मा जी *ICAT* के पुराने सदस्य रहे हैं, *जापान भारती* में उनकी कृतियों को पा कर बड़ी खुशी होती है। दो साल पहले उन्होंने भारतीय दूतावास में सुलेख की बड़ी अच्छी सी प्रदर्शनी भी लगाई थी । आप सब को फिर से बधाई एवं मंगलकामनाएं ।।

ए. पी. एस. मणि, तोक्यो

'जापान भारती' का चौथा अंक मुझे मिला जिसमे मेरी दो रचनाएं शामिल हैं । बहुत बहुत शुक्रिया । सावन के महीने में नवपरिणीता मराठी नारी सोलह प्रकार की पत्तियां अर्पण करके पार्वती माँ की पूजा करती हैं । इत्तेफाक से *'जापान भारती'* का सावन के महीने का अंक सोलह पन्ने का है ।

निर्दोष मुद्रण और उच्च श्रेणी के कागज से विभूषित *'जापान भारती'* में मराठी को स्थान देकर आपने मेरी मातृभाषा का सम्मान किया है। धन्यवाद ।

आपको और संपादक मंडल को निःसंशय सफलता मिलेगी । सभी भारतीय भाषाओं की शुभकामनाएं आपके साथ रहेगी । भविष्य में *'जापान भारती'* द्वारा भारतीय भाषा, साहित्य और संस्कृति का परिचय पाठक को हो जाएगा, ऐसी आशा रखती हूँ । आपकी शुभचिंतक ,

पुष्पा मेढेकर, ठाणे

दिवाली के शुभ अवसर पर आपको तथा जापान भारती के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं देता हूँ । दिवाली पर एक रचना भेज रहा हूँ। स्वीकार करें।

अशोक रावत,योकोहामा, (अशोक भाई रचना के लिए धन्यवाद,किन्तु कुछ देर से मिलने के कारण प्रकाशित न कर पाने के लिए हम क्षमा प्रार्थी हैं।)

दीपावली के पर्व पर ***जापान भारती*** के दिनोंदिन निखार की कामना करता हूँ। आप महानुभावों का यह अनुकरणीय प्रयास जापान के भारतीय दिलों में रम जाए ऐसी कामना है।

नरेश मुकुर सिंह,योकोहामा

जापान भारती के सभी अंक अपनी निराली छटा के साथ मिले। जापान में रह कर भारतीय भाषाओं के माध्यम से अपनी माटी से जुड़ने का यह अनमोल सुअवसर प्रदान करने के लिए बधाई। पत्रिका उत्तरोत्तर उन्नति करे यही कामना है।

डा. उमेश पवनकर,तोक्यो

इस अंक में

हमारा पन्ना 2
आपका पन्ना 3
ज्योति पर्व 4
मुसीबत का साथी...5

काव्यधारा- 6
मेरे कब थे राम
रोशनी 7
काश 7

सन्दर्भ-हिन्दी दिवस--
हिन्दी दिवस
का अर्थ 8
जापान में हिन्दी
शिक्षण 8
इन्डियन-जापानीज़
भाई-भाई ...9
जैन कथा 13
गुरु दक्षिणा 14

निवेदन 18

चिठ्ठिपत्र 18

आपनजन 19

वामेर इच्छा 19

आलापचारी शिवराम .20

ज्योतिपर्व - दीपावली

दीपोत्सव या दीपावली भारतवर्ष के चार प्रमुख पर्वों में से एक है। शरद ऋतु का आगमन पर जैसे नीला आकाश,निर्मल जल और शीतल पवन सबको मोहित कर देते हैं उसी प्रकार दीपावली का आगमन घर–घर में नई उमंग भर देता है।

दीपावली में दो शब्दों का संगम है– दीप और अवलि। अवलि का अर्थ है–पंक्ति। इसलिए दीपावली का अर्थ हुआ–दीपों की पंक्ति। कार्तिक मास में अमावस्या की रात वर्ष की सबसे काली रात होती है। छोटे–छोटे दीपों की जगमगाता प्रकाश हर घर, दुकान,अट्टालिका को इस गहन अंधकार से मुक्त कर आलोकित कर देता है।

दीपावली अनेक पर्वों की लड़ी से सुशोभित है। दो पर्व इसके ठीक पहले और दो एकदम बाद आते हैं। दीपावली अनुष्ठान का प्रथम पर्व है–धनतेरस। इसमें धन शब्द देवताओं के वैद्य धन्वन्तरि से लिया गया है और तेरस तो कार्तिक मास का तेरहवीं तिथि त्रयोदशी है। धनतेरस पर स्वास्थ्य की कामना से घर–आंगन की सफाई और समृद्धि की कामना से नया बरतन खरीदने की परम्परा है। इसके अगले दिन नरक चतुर्दशी गंदगी रूपी नरक से मुक्ति पाने का दिन है। वैसे एक प्राचीन मान्यता के अनुसार इसी दिन श्रीकृष्ण ने नरकासुर राक्षस का वध किया था। इस दिन तक घर को झाड़–बुहार कर,लक्ष्मी के स्वागत हेतु सजा– संवार लिया जाता है।

इस प्रकार सजे–संवरे घरों में कार्तिक अमावस्या का दिन सुख–समृद्धि की देवी,विष्णु प्रिया लक्ष्मी के आगमन का संदेश लिए आता है। दिन–भर दीपावली पूजन की तैयारी,नए वस्त्रों,मिठाई,भेंट–उपहारों के आदान–प्रदान में बीत जाता है। साँझ ढलते ही घर–आंगन, द्वार–दुकान का हर कोना दीपमालिकाओं से जगमगा उठता है। उसके बाद सपरिवार सुख–समृद्धि और बुद्धि बल की कामना से लक्ष्मी–गणेश पूजन की परम्परा भारतीय समाज में सदियों से चली आ रही है।

धन–ऐश्वर्य की देवी लक्ष्मी के साथ शिवपुत्र,ज्ञान और बुद्धि के भंडार गणेश की पूजा का विधान यही सिखाता है कि *बुद्धि बिना धन नाहीं*। लक्ष्मी आगमन की प्रतीक्षा में रात–भर दीपक प्रज्जवलित रखने की परम्परा भी है। आनन्द और उल्लास की अभिव्यक्ति आतिशबाज़ी से होती है। व्यवसायी वर्ग दीपावली के दिन लक्ष्मी पूजन के बाद नए बही–खाते शुरू करता है।

दीपावली पर्व के साथ भी अनेक कथाएं जुड़ी है। विक्रमी संवत् के प्रवर्तक राजा विक्रमादित्य का राज्याभिषेक इसी दिन हुआ बताया जाता है। एक मान्यता यह भी है कि मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम ने चौदह वर्ष का वनवास पूर्ण कर कार्तिक अमावस्या के दिन ही अयोध्या लौट कर राजसिंहासन ग्रहण किया था।

दीपावली के अगले दिन अन्नकूट या गोपर्धन पूजा का विधान है। कहते हैं कि एक बार देवराज इन्द्र ब्रजवासियों पर कुपित हो गए। घनघोर वर्षा ने जल–थल एक कर दिया। तब श्रीकृष्ण ने अपनी अंगुली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर ब्रजभूमि की रक्षा की ।

उसके बाद कार्तिक मास के शुक्लपक्ष की द्वितीया तिथि को भाईदूज का मंगलपर्व भाई–बहन के पावन प्रेम का प्रतीक है। बहनें अपने भाइयों के सुखद भविष्य की कामना मन में लिए उनका तिलक–पूजन करती हैं। ऐसी मान्यता है कि इस दिन यमुना अपने भाई यम से मिलने गई थी। इसीलिए इसे यमद्वितीया भी कहा जाता है।

वास्तव में दीपावली का यह सम्पूर्ण अनुष्ठान अंधेरे पर उजाले,असत्य पर सत्य, अज्ञान पर ज्ञान और बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है।

सुख–समृद्धि , यश–ऐश्वर्य से परिपूर्ण यह ज्योतिपर्व सर्वत्र मंगलमय हो !

-डा. शशि तिवारी,
नई दिल्ली

मुसीबत का साथी

-मिवाको कोएत्सुका -

जब भूकंप अचानक ही उन्हें यह बोध करा देता है कि उनकी आयु अड़तीस साल न हो कर कम से कम पाँच हज़ार वर्ष है, तो तत्काल ही समझ में आ जाता है कि भूकंप के भयानक रूप ने कितनी ही ज़बरदस्त दहशत पैदा कर दी होगी ।

अरण्य विचरण का सुख कहाँ त्राहि-त्राहि करने के सिवा और आता ही नहीं, यही मेरी अवस्था थी। ***जापान भारती*** के अंक ५ में व्यंग्य के तौर पर प्रोफेसर हरजेन्द्र चौधरी जी की ज़बरदस्त कलम ने भ्रम के डाँवा-डोल में डाल दिया कि कहाँ स्वप्न भंग की दरार पड़ी हुई होगी। लेख की तेज धार मेरे मुँह पर अश्रु-धारा का वार कर गई । सचमुच उस भूकंप ने उनके तन-मन को कितनी निर्दयता से झकझोरा होगा और यही मेरी स्थिति थी फिर भी आदमी के पास भाषा का माध्यम रहता है । किसी हद तक बात करते करते दहशत को दूर नहीं तो कम किया जा सकता है । लेकिन अनेकों अकेले आदमियों के जीवन साथी, कुत्तों और बिल्लियों पर क्या गुज़री होगी ?

प्रभावित क्षेत्र के नेत्रहीनों के साथी कुत्ते, जो ध्वनि में ज़रा सा भेद पहचान कर मालिक की रक्षा करते हैं, अगुवाई करते हैं । नेत्रहीनों के ये कुत्ते बड़ी संख्या में १७ जनवरी के बाद बाहर जाने से कतराने लगे हैं। हाल ही में ये आँकड़े मिले हैं कि महाविनाशकारी हानकिन भूकंप के बाद कोबे में जीवन बचाकर रहने वाले आधे से ज्यादा कुत्ते और बिल्ली कभी कभार अजीब हरकतें करने लगते हैं। आधे से ज्यादा को कभी खाने की इच्छा नहीं होती ।

हानशिन भूकंप के बारे में तो काफी कुछ लिखा गया है। यहाँ **मिवाको जी** की प्रस्तुति है एक दिल को छू लेने वाला पक्ष दूसरे चहेतों के बारे में ....

जापान में पालतू जानवरों में कुत्ते और बिल्ली सर्वाधिक संख्या में हैं। कुत्ता तो आदमी का पुराना से पुराना साथी है । पता चला है कि उस भूकंप के बाद अनेक कुत्तों के पेट में फोड़ा पड़ा पाया गया ।

कुछ कुछ स्वयंसेवी लोगों ने कुत्तों और बिल्लियों के लिए भी शरण स्थल बनवा रखे हैं। उन्हें खाना देने के साथ साथ बाहर घूमने भी ले जाया जाता है। मालिक से वंचित कुत्ते बिल्लियों के लिए नये मालिकों को ढूँढने का काम भी जारी है ।

एक कोबेवासी माहिला तीन महीने तक अपने प्यारे कुत्ते से अलग रहने के बाद कोबे से काफी दूर अपने माएके में उस कुत्ते के साथ फिर से रहने लगी हैं। उन्हें सुबह शाम कुत्ते के साथ बाहर घूमने में बड़ा आनंद मिलता है ।

उनके लिए नए पड़ोसी कभी यह व्यंग्य कसते हैं कि भूकंप से प्रभावित होते हुए भी आपका कितने आराम का जीवन चल रहा है। कुत्ते के साथ घूमने जाती हैं । पड़ोसी का यह कहना होगा कि आदमी मुसीबत में है और जानवरों की सेवा के लिए समय निकाला जा रहा है । मगर कुत्तों का भी जीवन है, उनकी भी अनकही बातें होती हैं। उन महिला को कुछ बुरा भी लगता है क्योंकि कि वे मुस्कुरा कर इतना भर कह देती हैं : यह कुत्ता हमारे परिवार का अभिन्न अंग बन चुका है।

कुत्ता आदमियों का पहले नम्बर का पालतू जानवर रहा है । एक जापानी लोक कथा में कुत्ता नेक दिल वाले बूढ़े बाबा के लिए मरने के बाद भी उन के जीवन को आनंदमय बनाने की कोशिश कर जाता है ।

पहले तो उसने भौंक कर जताया कि इस जगह खोदने पर कुछ रुपये मिल जायेंगे । पड़ोसी लालच का शिकार हो कर उस कुत्ते को घसीट कर गए । और वह कुत्ता कूड़ा-करकट ही खुदवा सका । बुरे दिल वाले पड़ोसी ने गुस्से में आकर उसे मार डाला । अंततः कुत्ता राख बन गया। नेक दिल वाले बूढ़े बाबा वह राख ले गये ।

मुरझाए हुये पेड़ों पर जब उन्होंने वह राख बिखेर दी तो देखते ही देखते सभी पेड़ों पर फूल ही फूल खिल उठे।

पत्नी के प्रश्न पति के नाम

मेरे कब थे राम !

राम!
जब तुम आए थे
मेरी नगरी में,
रहा होगा अनुराग
तुम्हारी दृष्टि में
किन्तु धनुष भंग किया
तो गुरु की स्वीकृति से।
अयोध्या ले आए ।
कैकेयी माँ का आदेश
छोड़ा राजपाट,
तत्पर वनगमन को।
मेरा कब किया विचार ?
मेरे आँसुओं,
मेरी विह्वलता
ने किया विवश
तुम्हें.....
मुझे संग ले चलने
को।
वन में रहे हम
दुष्ट की दृष्टि पड़ी
मुझ पर
किया तुमने युद्ध
पापी....
के उद्धार हेतु।
मुझे ले आए
फिर....
अग्नि परीक्षा
जग के लिए
या अपने लिए?
क्या मालूम...।
मानो.....
जो न बचा होता
सत्व मेरा?
तो क्या मैं
अपराधिन थी?
तब क्या
निर्णय लेते तुम?
खैर छोड़ो!
महल ले आए
हुआ गर्भधारण
धोबी का लगा आक्षेप
मुझे त्यागा
राज निभाने को।
फिर आँसू लिए
बहुत बिलखे
होंगे तुम!
कदाचित् बहुत
बँधे थे मुझ से
किन्तु....
राज से अधिक नहीं ।
राज नहीं
त्यागा तुमने
मैं संवेदनहीन
वस्तु थी केवल
त्याग किया मेरा।
पुरुष बनता है रक्षक।
अपनी पत्नी को....
न बचा सका।
राज आवश्यक था....
राज करने को
बहुत मिल जाते
लेकिन मुझे कब
अन्य रक्षक मिला?
मेरा दिल....
जो बिखरा
तो कब सम्भल सका?
राम!
तुमने जो किया
अन्यों की खातिर
मेरे लिए कब क्या
किया?

–सुनीता शर्मा

(पत्नी के नाते सीता के मन की व्यथा को अभिव्यक्त करती यह कविता वास्तव में नारी मन की कसक का प्रतिबिम्ब है। नवभारत टाइम्स से साभार)

रोशनी है

चुप्पी है,
अन्धेरा है,
ग़मज़दगी है
सुना तुमने ?
हवा ने सरसरा कर
पत्तियों से कुछ
कहा,
जैसे इस सन्नाटे को
तोड़ने की
कोशिश कर रही हो

जुगनू को देखो -
अन्धेरे को
चीरने के प्रयास में
खुद को
जला रहे हैं
और मैं,
जीवन की पीड़ा
उठाए भी
कुछ भारहीन सा हूँ ।

आँखें बन्द कर देखो -
इस वीराने में
जो उपस्थित है
उसे
महसूस कर सकते हो
तुम ?

ध्यान दो,
सन्नाटे से
जो संगीत
उठ रहा है,
कानों तक
पहुँच रहा है तुम्हारे ?

हाँ, सच,
दीये पर से ध्यान उठा,
रोशनी पर

गौर करो -
यहाँ हम,
तुम,
यह,
वह,
सारे निरर्थक शब्द हैं

कई सूत हैं
पर,
बस एक
सफ़ेद चादर है,
अथाह है,
व्यापक है,
अभेद्य है,
पहेली है
सुर भी है,
सामन्जस्य भी ।

काश

तुम यूँ न मुस्कुराते
तो अच्छा होता
मुझको यूँ न तड़पाते
तो अच्छा होता

जबसे तुम्हें देखा है,
ये अफ़साना हो गया
खुद से नाता तोड़
मैं दीवाना हो गया

तेरे नैन यूँ न टिमटिमाते
तो अच्छा होता
मुझको यूँ न तड़पाते
तो अच्छा होता

हिरणी सी आँखों में तेरी,
चरल, चपल, चंचलता
इनमें जो डूबा,
दुनिया से बेगाना हो गया

तेरे जुल्फ यूँ न लहराते
तो अच्छा होता
मुझको यूँ न तड़पाते
तो अच्छा होता

घनघोर घटाओं से
तेरा प्यार
जो बरसे
इनमें खो जाने का
बस एक
बहाना हो गया

तुम मेरे ख्वाबों में न आते
तो अच्छा होता
मुझको यूँ न तड़पाते
तो अच्छा होता

यूँ तो शहर में हैं
अदाएं और भी
पर तेरे तीर का
मैं निशाना
हो गया

सुयोध कुमार 'नीरज',
चैपेल हिल,
नॉर्थ कैरोलाइना, अमरीका

जापान भारती नया पता-
5-12-9,
दाईसान एबातो बिल्डिंग,
उएनो ताइतो कू,
तोक्यो- 112

हिन्दी - दिवस का अर्थ

राष्ट्र के विकास - विस्तार के साथ भाषा का विकास- विस्तार सहज भाव से जुड़ा हुआ है । भाषा राष्ट्र की समृद्धि की पहचान का सर्वाधिक सशक्त माध्यम है । हमारे देश को स्वतंत्र हुए ४७ वर्ष हो चुके हैं । हर क्षेत्र में प्रगति करने वाला हमारा देश अपनी राष्ट्र भाषा के विकास में पर्याप्त प्रगति नहीं कर पाया जबकि राष्ट्र में भाषा का स्थान सर्वोपरि होता है । इस देश की अभिव्यक्ति-शक्ति जन-जन की वाणी कल्याणी हिन्दी है ।

हिन्दी उस भाषा का नाम है जिसकी लिपि देवनागरी है। यह हिन्दी पिछले एक हज़ार वर्ष से भारत के कोने-कोने में राष्ट्रीय आत्मा का स्वर गुंजरित कर रही है । इस राष्ट्रभाषा हिन्दी को राजभाषा का गौरव-पद मिला १४ सितम्बर १९४९ को जिस दिन स्वतंत्र भारत की संविधान सभा द्वारा संविधान के भाग-१७ अनुच्छेद ३४३ (१) के अन्तर्गत सर्व-सम्मति से यह धारा जोड़ी गयी - *भारत संघ की राजभाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी होगी ।*

तभी से प्रति वर्ष १४ सितम्बर का दिन हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है । इस संदर्भ में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का कथन उल्लेखनीय है - *आज पहली बार हम अपने संविधान में एक भाषा स्वीकार कर रहे हैं जो भारत संघ के प्रशासन की भाषा होगी और जिसे समय के अनुसार अपने आप को ढालना और विकसित करना होगा ।*

वस्तुतः हिन्दी - दिवस राष्ट्र की मानसिक स्वाधीनता का निष्ठा पर्व है । अन्ततः भारत के सुप्रसिद्ध मनीषी गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर के शब्दों में कहा जा सकता है - *आधुनिक भारत की संस्कृति एक विकसित शतदल कमल के समान है जिसका एक-एक दल एक-एक प्रान्तीय भाषा और उसकी संस्कृति है ... हम चाहते हैं कि भारत की सब प्रान्तीय बोलियाँ जिनमें सुन्दर साहित्य - सृष्टि हुई है, अपने-अपने घर (प्रान्त) में रानी बनकर रहें ... और आधुनिक भाषाओं के हार की मध्यमणि हिन्दी भारत-भारती हो कर विराजती रहे ।*

-डा. सरला चौधरी, नई दिल्ली

जापान में हिंदी शिक्षण

जापान में हिंदी (या संस्कृत, बंगला, पंजाबी, मराठी,तमिल,मलयालम आदि अन्य भारतीय भाषाएं) सीखने की प्रेरणा का मूल स्रोत भारतीय संस्कृति तथा बौद्ध धर्म के प्रति जापानी लोगों की जिज्ञासा है । वैसे यहाँ हिंदुस्तानी यानी उर्दू तथा तमिल भाषा की पढ़ाई पहले–पहल १६०८ में शुरु हुई। हिंदुस्तानी–उर्दू का शिक्षण तभी से जारी है ।

भारत की स्वाधीनता के पश्चात् १६४६–५० में देवनागरी हिंदी शिक्षण का भी श्रीगणेश हुआ । इस समय जापान में दो सरकारी विश्वविद्यालयों –तोक्यो विदेशी भाषा विश्वविद्यालय तथा ओसाका विदेशी भाषा विश्वविद्यालय–के अलावा और भी अनेक संस्थाओं में हिंदी का अध्ययन–अध्यापन किया जा रहा है ।

जापान के लोग जहाँ अपनी भाषा के प्रति पूरी तरह समर्पित हैं वहीं विश्व की दूसरी भाषाओं को जानने-सीखने में इनकी रुचि भी अनुकरणीय है । अंग्रेज़ी और दूसरी युरोपीय भाषाओं के साथ-साथ भारतीय भाषाएं सीखने का रुझान भी बहुत दिखाई देता है । इसी संदर्भ में जापान में हिंदी शिक्षण की स्थिति का आकलन कर रहे हैं - ओसाका विदेशी भाषा विश्वविद्यालय में हिंदी के आमंत्रित प्राध्यापक -

प्रोफ़ेसर हरजेन्द्र चौधरी

तोक्यो विदेशी भाषा विश्वविद्यालय मूल रूप से एक महाविद्यालय के रूप में १६०८ में अस्तित्व में आया । उसके तेरह साल बाद १६२१ में ओसाका विदेशी भाषा महाविद्यालय की स्थापना हुई । १६४६ में इन दोनों महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय का रूप दिया गया ।

इन्हें शिक्षा मंत्रलय से, १६५७ में, हिंदी तथा उर्दू को अलग–अलग भाषाओं के रूप में पढ़ाने की अनुमति मिल गई तथा १६५६ से हिंदी और उर्दू के लिए विद्यार्थियों को अलग–अलग प्रवेश दिया जाने लगा। १६६८ में हिंदी तथा उर्दू के लिए अलग–अलग विभाग भी गठित हो गए । १६५० के बाद लगभग डेढ़ दशक के अंतराल मे हिंदी के शिक्षकों तथा हिंदी के लिए पुस्तकों का अभाव निरंतर बना रहा ।

अनेक कठिनाइयों और असुविधाओं के बावजूद जापान के अनेक भारत प्रेमी और हिंदी प्रेमी विद्वानों–अध्येताओं–प्राध्यापकों के भगीरथ प्रयासों के फलस्वरूप हिंदी भाषा की विकास–धारा और शिक्षण–धारा और अधिक गतिशील होती चली गई। सातवें दशक के अंत तक आते–आते हिंदी के अध्येताओं की संख्या और उनके काम की गुणवत्ता में अभूतपूर्व होने लगी जो आज तक निरन्तर जारी है ।

इस समय तोक्यो विदेशी भाषा विश्वविद्यालय में लगभग अस्सी विद्यार्थी हिंदी सीख रहे हैं तथा ओसाका विदेशी भाषा विश्वविद्यालय में हिंदी के छात्रें की संख्या लगभग सवा सौ है । दोनों विश्वविद्यालयों में हिंदी में एम.ए. तक की पढ़ाई तो वर्षों से हो ही रही है, तोक्यो विदेशी भाषा विश्वविद्यालय में पिछले दो वर्ष से हिंदी में पी.एच.डी. शोधकार्य भी प्रारम्भ हो चुका है । इन दोनों सरकारी विश्वविद्यालयों के साथ–साथ अनेक गैर–सरकारी व निजी शिक्षणालयों में भी हिंदी–शिक्षण की सुविधाएं मौजूद हैं । उदाहरण के तौर पर हिरोशिमा विश्वविद्यालय, क्योतो स्थित ओतानी विश्वविद्यालय तथा ओसाका स्थित ओतेमोन गाकुइन विश्वविद्यालय जैसी संस्थाओं का ज़िक्र किया जा सकता है।

हिंदी भाषा सीखने के साथ–साथ अनेक विद्यार्थी भारतीय संगीत व नृत्य भी सीखते हैं । प्रति वर्ष अनेक विद्यार्थी भारत यात्र करते हैं तथा कुछ विद्यार्थी भारत की विभिन्न शिक्षा संस्थाओं में विभिन्न स्तरों के हिंदी पाठ्यक्रम पूरे करने के लिए भारत जाते हैं । भाषा–शिक्षण का यह सिलसिला दोनों देशों के पारम्परिक रिश्तों को और अधिक मज़बूत बनाता जा रहा है । भारत में हिंदी की स्थिति को लेकर हम बेशक शर्मिंदा हैं , लेकिन जापान में हिंदी की स्थिति और उसके उज्जवल भविष्य के प्रति आश्वस्त होने के अनेक कारण और आधार मौजूद हैं ।

इस लेख के लिए आधारभूत सूचनाएँ प्रदान करने में प्रोफेसर तानाका, प्रोफेसर कोगा तथा श्रीमती मिवाको कोएज़ुका ने उदारता पूर्वक जो सहयोग उसके लिए लेखक और जापान भारती हृदय से आभारी हैं ।

●●●●

इन्डियन-जैपनीज़ भाई भाई

अकिरा ताकाहाशि

भारत-जापान मैत्री संघ के एक मुख्य सदस्य विश्वनाथ शुक्ल जी (बी.ए., एम.ए., पी.एच.डी., और ना जाने क्या ए.बी.सी.) पिछले दिन जापान पधारे थे। उनके स्वागत के लिए संघ के जापानी सदस्यों के द्वारा एक समारोह आयोजित किया गया। उस समारोह में एक जापानी लड़का भी शामिल था। उसने अपने बारे में बताया कि किसी विश्वविद्यालय में हिन्दी पढ़ता हूं, और शुक्ल जी के दर्शन पाकर बात करना चाहता हूं। संघ के साथ उसका कोई सम्बन्ध नहीं था, लेकिन शुक्ल जी इनकार करने वाले नहीं थे।

छ. : नमस्कार।

शु. : आइए। आइए। बैठिए। आई अम वेरी ग्लैड टू सी यू। यह बहुत खुशी की बात है कि यू आर स्टडिंग हिन्दी लैन्गिवज। वेरी गुड।

छ. : जापान-भारती की मैत्री के लिए जो सेवा आप करते आये हैं, उसके लिए मैं भी अपनी कृतज्ञता प्रकट करना चाहता हूं।

शु. : कहाँ की सेवा ? आई अम डूइन्ग ओन्लि फोर माई ज्योई। लेकिन, हाँ, सेवा, आपने ठीक ही कहा। आई हैव बीन वर्किंग फोर द फ्रेन्डशिप बिट्वीन इन्डिया एण्ड जापान फोर मोर दैन थार्टि इयार्ज।

यह कपोल-कल्पित वार्तालाप तीसरे विश्व हिन्दी सम्मेलन के अवसर पर लिखा गया था। लेखक के अनुसार इस वार्तालाप का अभिप्राय भारतीय जीवन-दर्शन या संस्कृति पर आक्षेप करना नहीं है वरन् हिन्दी की आज की स्थिति पर व्यंग्य करना है। ज्वालामुखी में पूर्व-प्रकाशित इस रचना को हम लेखक एवं प्रकाशक की विशेष अनुमति के साथ *जापान भारती* में साभार प्रकाशित कर रहे हैं ।

छ. : क्षमा कीजिएगा। मैं ठीक-ठाक अंग्रेजी समझ नहीं सकता हूं। यदि आपत्ति न हो, और हैं भी आप हिन्दी भाषी प्रदेश के, कृपा करके हिन्दी में बोलियेगा।

शु. : यस, नो प्रोब्लेम। अच्छा, आप इन्गिलश नहीं समझते हैं?

छ. : जी हाँ। मैं जापानी हूं। अंग्रेज नहीं।

शु. : सो तो सही। हूं। अच्छा यह बताओ कि तुम हिन्दी क्यों सीखते हो? हिन्दी सीखने में रुचि कैसे हुई ? भारत के प्रति क्यों इतना लगाव है कि हिन्दी सीखी ?

सन्दर्भ : हिन्दी दिवस

छ. : आपने एक साथ तीन प्रश्न किये हैं। हिन्दी सीखने से पहले एक दिन मुझे भारतीय संस्कृति पर लिखी गई एक किताब मिली, जिसमें-

शु. : अच्छा, तुमने राधाकृष्णन् जी की पुस्तक पढ़ी है ?

छ. : जी नहीं, नाम तो अवश्य सुना है, लेकिन-

शु. : अवश्य पढ़ो। बहुत ही अच्छी पुस्तक है। इंडियन सिविलाइजेशन हैज मेइन्टेइन्ड इट्स कोन्टिन्यूइटी विच कान्ट बी सीन इन एनि अदर सिविलाइजेशनज् ओफ द वर्ल्ड। कोन्टिन्यूइटी, समझते हो ? एक अविच्छिन्न विचार-धारा। ग्रीस और रोम को देखो। आई नो दैट देअर सिविलाइजेशन कान्ट बी कोम्पेअरड विद अवर इन्डियन सिविलाइजेशन इन मेनी पोइन्टस एण्ड इन सम पोइन्टस दे आर स्यूपिरियर टू अस, टू डु देम जस्टिस। लेकिन आज उसे देखने के लिए तुम्हें म्यूजियम में जाना पड़ेगा। इन अदर वार्डज, उनकी संस्कृति और सभ्यता अब नष्ट हो चुकी है। म्यूजियम में मूर्तियाँ बनकर ही रह गई है।

छ. : मेरे विचार में जो चीजें आज संग्रहालय में ही होनी चाहिये, वे अब भी भारत में सड़कों पर दिखाई देती हैं।

शु. : मतलब ?

छ. : भूख, भिखारी , जाति-व्यवस्था, दास-प्रथा वगैरह।

शु. : अच्छा, यू आर टू पेसिमिसटिक, है न ? मैं तुम्हें समझा देता हूं। वर्ण-व्यवस्था का अपना बहुत पुराना इतिहास है। इट्स एन इनटिग्रल पार्ट ऑफ अवर कल्चर।

छ. : आप या तो हिन्दी में बात कीजियेगा या तो बिलकुल अंग्रजी में। मिला के बोलने से दोनों भाषाएँ बिगड़ जाती हैं।

शु. : ऐ ? अंग्रेजी में मैं कब बोला। आई अम स्पीकिन्ग ओन्लि इन हिन्दी।

छ. : अच्छा, तो अंग्रेजी में बोलियेगा।

शु. : नहीं, नहीं। तुम तो अंग्रेजी नहीं समझते हो। हाँ, मैं यह कहने वाला था। जब आर्य लोग भारत में आये, तब उन्हें समाज में कोई ठोस, कोई फर्मथीअरि की आवश्यकता सूझी, जिससे समाज व्यवस्थित रहे। हमारे पूर्वजों ने यह अच्छा तरीका इन्वेन्ट किया है, वह है वर्ण-व्यवस्था जिसमें समाज अनावश्यक स्ट्रगल से बच पाया ! समझे ? अच्छा। आई शो यू वन एक्सलेन्ट इगजाम्पल। न्यूयार्क में एक दिन रात को बिजली पांच घण्टों के लिये चली गई। ओन्लि फाइव आउअज। सोचो। इस बीच कितने क्राइम हुए। मर्डर, चोरी, आगजनी। बहुत। यही अमरीकी संस्कृति है जो द स्ट्रगल फोर दि इग्जिस्टेन्स पर आधारित है।

छ. : लेकिन किसी देश में तो बिजली चमकती रहने पर भी ऐसी गड़बड़ होती है।

शु. : होगी ! अच्छा, तुम ने भूख की बात कही। अब यह भी समझा देता हूं। आदमी बिना खाना खाये जी नहीं सकता है। आई अडमिट अज मच। बट दिस इज ओल्सो टू दैट मैन शैल नोट लिव बाई ब्रेड अलोन।

छ. : जरा मेरी बात भी सुनियेगा।

शु. : हाँ, हाँ, क्यों नहीं। क्या कहना चाहते हो ? कहो। कहो।

छ. : संस्कृति जो आप कहते हैं, वह-

शु. : अच्छा, तुम ने मेरी बात अभी समझी नहीं। सुनो। बताता हूं। अमरीका में-

छ. : जरा-

शु. : भई, तुम मेरी बात पूरी होने दो। बीच में दूसरों की बात काटना अच्छा नहीं है।

छ. : जी, सचमुच। कितना बुरा लगता है, आप ही ने मुझे सिखाया है आज।

शु. : कोई बात नहीं। इस तरह सीखते जाओ। यू आर अ यन्ग मैन जो अब नहीं सीखोगे, तो आखिर कब सीखोगे। मैं यह बता रहा था। अमरीका में अगर आदमी दो दफा खाना ठीक नहीं खा सके तो वो क्या करेगा। हत्या करेगा, चोरी करेगा,सब कुछ करेगा। लेकिन इण्डिया में खाना मिले, न मिले आदमी अपने धर्म अपनी संस्कृति को छोड़ेगा नहीं।

छ. : जहाँ दो दफा खाना नहीं मिलता, वहाँ संस्कृति होती है? अगर होती तो भी इससे क्या लाभ ?

शु. : लाभ केवल पैसे का नहीं, लाभ केवल खाने का नहीं। अच्छा, मैं एक बहुत अच्छे आदमी से तुम्हारा परिचय करा दूँगा, जो वित्त मंत्री जी के चाचा जी के मामा जी के साला जी लगते हैं। बहुत बड़े स्कालर हैं, तुम्हें अच्छी तरह से समझा देंगे।

छ. : वे साला जी आपके कौन लगते हैं ?

शु. : मित्र हैं। और तुमने शिवप्रसाद जी का नाम तो सुना होगा, जिनकी पहुँच बहुत बड़े-बड़े आदमियों तक है। वे मेरा कहा टाल नहीं सकते हैं। उनसे भी तुम्हारी बात करूँगा।

छ. : वे किसके साला जी हैं ?

शु. : सब के। मतलब सब लोग उनका आदर करते हैं। वे तुम्हारी मदद खूब करेंगे।

छ. : आपकी मेहरबानी है।

शु. : कोई बात नहीं। और कोई भी मदद तुम मुझसे चाहते हो, तो कहना। संकोच मत करो। मुख्यमंत्री तक मुझसे सलाह लेते हैं। थोड़े दिन पहले भी सुबह सुबह उनका टेलिफोन आया था। वे बहुत चिंतित थे। जानते हो, क्यों ? वे कहते थे कि इस साल प्रदेश में भूसे की पैदावार अच्छी नहीं है। ऐसा चलता रहा, तो अगले साल तक प्रदेश भर के घोड़े, बैल और गधे भूखों मर जायेंगे। क्या उपाय करना चाहिये। मैंने कहा, गधों के मरने से आप इतना घबराते क्यों हैं, मानो कोई अपने सगे भाई मर रहे हों। आप बेकार चिंता कर रहे हैं। ऐसा कीजिये। अब जितना भूसा होगा, वे सब पहले घोड़ों और बैलों को खिलवाइए और गधों को मरने दीजिये। गधे सब मर जायेंगे, तब उनकी खोपड़ियाँ तोड़-तोड़कर भूसे निकलवाइये। एक तरफ गधे सब मरेंगे, दूसरी तरफ भूसे भी हाथ आयेंगे। इसको कहते हैं, एक पंथ दो काज। मंत्री जी बहुत ही प्रभावित हुए। उन्होंने यहाँ तक कहा कि आप ही को मंत्री पद मिलना चाहिये था। राजनीति से आपका बाहर रहना जनता के लिए नुकसान की बात है। मैंने कहा, न, न, ऐसा मत कहिये। आई एम सैटिसफाइड विद माई क्वाइएट लाइफ बाई नेचअर। पोलिटिक्स-बोलिटिक्स में मेरी कोई रुचि नहीं है। बट, हाँ, इफ यू लाइक ओर यू नीड, यू कान कोन्सल्ट विद मी एट एनि टाइम। यू आर वेलकम। ऐसा है।

छ. : एक बात नहीं समझ आती है। खोपड़ी में भूसे क्यों?

शु. : यही तो हिन्दी की विशेषता है। आँखों में सरसों फूल सकता है, पेट में चूहा दौड़ सकता है। खोपड़ी में भूसे का होना क्या बड़ी बात है ?

छ. : जी, आपका कहना बिलकुल सही है ।

शु. : सही ही कहता हूं। झूठ क्या चीज है, मैं जानता भी नहीं। वैसे हमारी नजर में झूठ और सच में कोई अन्तर नहीं है। मतलब तर्क से है, सिद्धान्त से है, लोजिक से है। लोजिक परफेक्ट है, तो वह सच है। लोजिक इम्परफेक्ट है, तो वह गलत हो सकता है, पर झूठ नहीं।

छ. : अगर कोई चोर यह कहेगा कि मैंने चोरी नहीं की, तो यह झूठ नहीं है ?

शु. : यदि वह चोर चोरी को चोरी नहीं समझता है, तो वह सच कहता है कि मैने चोरी नहीं की।

छ. : चोरी तो चोरी ही है।

शु. : नहीं। इट इज नोट इम्पोर्टन्ट फोर अस हिन्दू वाट इज द फैक्ट। क्या कहें इसमें महत्व नहीं। किस तरह कहें, यही हमारे लिये इम्पोर्टन्ट है। हम हमेशा इसी प्रयास में हैं कि अपना अपना लोजिक, अपना अपना सिद्धान्त कायम रहे, जिससे कि वास्तविकता की व्याख्या की जा सके । संसार में अगर एक मानव भी न रहता, तो वास्तविकता होती। पर मानवों के बीच जिसको वास्तविकता कहा जाता है, वह हमारी व्याख्या के अधीन है। हमारे लिये इक्सप्रेशन ही सब कुछ है। ईसाई लोगों के लिये यह सब भगवान की ओर से निश्चित किया गया है कि सच क्या है और झूठ क्या है। हमारे लिये भी भगवान जिसको सच कहेगा, वह सच है, जिसको झूठ कहेगा, वह झूठ है। पर वह भगवान कहीं बाहर या आसमान में नहीं रहते, वह हमारे अन्दर ही रहते है। या यों कहें कि हम खुद एक-एक भगवान हैं। ईसाई लोग फैक्ट की व्याख्या को मसीह से मांगते हैं, हम अपने-अपने अन्दर के भगवान से मांगते हैं। यहाँ सच और झूठ का प्रश्न नहीं उठता है। सब कुछ सच हैं। हम युनिवर्सेलिटी को एक इन्डिविडयुअल के अन्दर यानी अपने अन्दर देखते हैं। मानवों के बीच में नहीं देखते हैं। संसार की सब चीजें इसलिये रेलेटिव हैं कि हम इन्डिविडयुअल में ऐबसेल्यूटिविस हैं। वी आर द ग्रेटिस्ट रेलटिविस्ट ओफ द वर्ल्ड अज अ सोशल बीइन्ग, बट अज अन इन्डिविडयुअल वी आर द ग्रेटिस्ट ऐबसल्यूटिस्ट ओल्सो। इन माने में हम कहते है कि भगवान कृष्ण हो, या राम हो, सब हमारे अन्दर रहते है। जब हम पूजा करने मन्दिर जाते हैं, तब हम अपने आपसे मिलते हैं और अपनी पूजा करते हैं।

छ. :तो आप भी भगवान शुक्ल हैं?

शु. : बिल्कुल।

छ. : मैं कह नहीं सकता कि कहाँ तक आपकी बात समझ सका।

शु. : कोई बात नहीं। समझ का घर दूर है। यह कोई पाप नहीं कि ऊँची बातें समझ नहीं सकते। अच्छा, मैं लाम की बात कर कहा था। यू मस्ट सी फ्रोम अनदर पोइन्ट ओफ व्यू। जैपनीज इन्डस्ट्री ने बहुत बड़ी, अद्‌भुत उन्नति की है।

अब उसका जी.एन.पी. रुस और अमरीका को छोड़ दुनिया में सबसे बड़ा है। लेकिन मैं तो कहूंगा, यह सब प्राइस की उन्नति हैं। लेकिन भारत की संस्कृति प्राइस की नहीं है, वैल्यू की है। समझे ? ठीक है, सुनो। बताता हूं। प्राइज इज वन थिंग एण्ड वैल्यू इज क्वाइट अनदर थिंग। कारखाने में कैमरा जो बनता है, उसको खरीदकर तुम खुश हो जाओगे। पर वह खुशी प्राइस की खुशी है, मटिअरिलिटि की खुशी है। लेकिन अच्छी कविता पढ़कर जो खुशी मिलती है, वह वैल्यू की ज्योई है। यानी स्पिरिच्युअल ज्योई है।

छ. : पैसा देख कर जो खुशी मिलती है, वह प्राइस की ज्योई है या वैल्यू की ज्योई ?

शु. : तुम ने समझा नहीं। अच्छा, एक बात सुनो। जापान के बारे में लोगों का विचार यह है कि जैपनीज नकल करने में स्किलफुल हैं, यानी सिद्धहस्त है। हिन्दी समझते हो न ? इफ यू फाइन्ड इट डिफिकल्ट टू फोलो माई प्युअर हिन्दी सो कहना।

छ. : शुक्रिया। लेकिन हिन्दी को हिन्डी कहें, तो आपकी हिन्डी और प्युअर हो जाएगी।

शु. : तुम तो हिन्दी की चिन्दी निकालते हो। यह आदत तुम्हारी कतई पसंद नहीं मुझे। मैने कब द को ड और ड को द कहा। द और ड का अलग प्रनाउन्सिएशन है, यह तो बच्चे भी जानते हैं।

छ. : मुझे लगता है कि बच्चे ही जानते हैं।

शु. : ऐं ? क्या कहा तुम ने ?

छ. : कुछ नहीं। आप गलत समझ रहे हैं। मैं यह कहना चाहता था कि बीच-बीच में आप एकदम से इतनी प्युअर हिन्दी बोलने लगते हैं कि ` सिर में चक्कर आने लगता है। लेकिन लगभग ठीक-ठीक मैं समझता हूं और यदि हिन्दी का बहुत ही कठिन शब्द आये, तब अवश्य आपसे से पूछूँगा मैं।

शु. : ठीक है। अच्छा, लोग कहते हैं कि जैपनीज नकल करते हैं, पर उनमें ओरिजिनेलिटी कम है। आई डोन्ट अग्री टू दिस ओपिनियन माईसेल्फ। पर लोगों की मान्यता यह है। कार, कैमरा,घड़ी, वह भी बढ़िया से बढ़िया, सीको की तरह, बनते हैं खूब। लेकिन ये सब पाश्चात्य संस्कृति की उपज है। जापान की ओरिजिनेलिटी की उपज नहीं है।

छ. : तो बताइयेगा, थाईलैंड में क्या ओरिजिनेलिटी है जो जापान में नहीं है। आस्ट्रेलिया में क्या ओरिजिनेलिटी है जो जापान में नहीं है। सीधी सी बात है। अगर इन देशों में यदि ओरिजिनेलिटी है, तो जापान में भी होगी। यदि इन देशों में ओरिजिनेलिटी नहीं है, तो जापान में भी नहीं होगी। पर इन सब देशों के पास यदि ओरिजिनेलिटी नहीं है, तो संसार के किस देश के पास ओरिजिनेलिटी है ?

आप शायद यह कहेंगे कि जापानी ने पहले चीनियों की नकल की थी अब अमरीकियों की करते हैं। तो मैं कहूंगा कि आर्यों ने भी द्रविडों की कम नकल नहीं की। आखिर ओरिजिनेलिटी से आपका क्या मतलब है ?

शु. : ओरिजिनेलिटी से मेरा मतलब है, अपनी फिलोसोफी है और अपना प्रिन्सिपल है। इन्डिया ने जापान को बुद्धिजम दिया। दुनिया भर को फिलोसोफी दी।

यू कान्ट इमैजिन हाउ फार इन्डियन फिलोसोफी हैज इनफ्लुअन्सड द थोट्स ओफ द वर्ल्ड सिन्स टाईम इममेमोरिअल। जैपनीज रेडियो बहुत अच्छा बनाते हैं। बट दे हैव नो देअर ओउन फिलोसोफी एन्ड प्रिन्सिपल। हमारी फिलोसोफी, संस्कृति और इतिहास के सामने सोनी का रेडियो कितनी छोटी चीज है।

